an>

Title: Need to engage adequate number of employee to ensure proper supply of electricity in Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र सहित पूरे उत्तर प्रदेश में विद्युत कर्मियों की संख्या पर्याप्त न होने के कारण विद्युत लाइन की देखभाल, सप्लाई, मरम्मत, विद्युत लाइन पर काम सहित पावर हाउस पर टेक्निकल काम भी ठेकेदारों के माध्यम से संविदा कर्मियों व प्राइवेट कर्मचारियों से कराया जाता है। परन्तु उक्त कर्मचारियों की कोई व्यवस्थित उपस्थिति पंजिका नहीं होती और न ही उनकी प्रमाणिक पहचान हेतु कोई पहचान पत्र या कोई ऐसा पत्र दिया जाता है, जिससे उनकी पुख्ता पहचान हो सके। उक्त कर्मचारियों को अपने काम के दौरान जिन आवश्यक उपकरणों की आवश्यकता होती है, वह भी उपलब्ध नहीं होते। इस प्रकार की काफी खतरनाक परिस्थितियों में यह अपना काम करते हैं। इसके बावजूद उक्त कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित मानदेय न देकर मात्र 4000 रुपया दिया जाता है और काम के दौरान यदि कोई ऐसी दुर्घटना हो जाती है, जिसमें ऐसे किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाये या वह गंभीर रूप से घायल हो जाये, तो ऐसी परिस्थिति में अधिकारी और ठेकेदार एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाकर अपनी जिम्मेदारियों से बच जाते हैं।

माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि ऐसे सभी कर्मचारियों को प्रमाणिक पहचान पत्र सहित उपस्थिति पंजिका व्यवस्थित की जाये तथा उनके कार्य की गंभीरता तथा जिन परिस्थितियों में वह काम कर रहे हैं, उसे देखते हुए उचित वेतन देने तथा दुर्घटना में घायल होने व मृत्यु की स्थिति में उचित मुआवजा भी दिया जाये।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Ajay Misra Teni.